**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**0000**

**मुख्य समाचार''**

- पंचायत चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रकिया आज से शुरू–कल 8 और 11 मई को भी होगा नामांकन।
- प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कुल 1 हजार 1 सौ 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में–237 उम्मीदवारों ने वापिस लिए अपने नाम।
- पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ आज–आतंकवाद के खिलाफ देश का संकल्प मजबूत
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने का किया आहवान

**पंचायत चुनाव**

पंचायत चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रकिया आज से शुरू हो रही है। इन चुनावों के लिए कल 8 मई और 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं।

**डिस्पैच–**

*प्रदेश में होने वाले इन पंचायत चुनावों के लिए 3 चरणों में वोट डाले जाएंगे, जिसके लिए 26, 28 व 30 मई की तारीख निर्धारित की गई है। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों का परिणाम मतदान के दिन उसी शाम को घोषित किए जाएंगे, जबकि पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गणना 31 मई को विकास खंड मुख्यालयों में की जाएगी और इसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। प्रदेश की 3 हजार 754 पंचायतों में कुल 31 हजार 1 सौ 82 पदों के लिए चुनाव होगा, जिनके लिए कुल 50 लाख उन्यासी हजार अड़तालीस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। साथ ही, 52 हजार 3 सौ 49 युवा मतदाता पहली बार इन चुनावों में वोट डालेंगे। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।*

**नामांकन वापसी**

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कुल 1147 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा दस प्रत्याशी निर्विरोध भी निर्वाचित हुए हैं। कल नामांकन वापसी के अंतिम दिन 237 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए। इन चुनावों में कुल एक हज़ार चार सौ छब्बीस नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें 32 नामांकन पत्र अस्वीकृत किए गए, जबकि एक हज़ार तीन सौ चौरानवे नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इन चुनावों के लिए मतदान 17 मई को होगा।

**ऑपरेशन सिंदूर**

आज देश, ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा है। पिछले वर्ष 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के नौ ठिकानों पर हवाई हमले किए गए थे। इन हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए थे। यह कार्रवाई पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए पाकिस्तान प्रायोजित बर्बर आतंकवादी हमले का भारत की ओर से करारा जवाब थी। आज हम सरकार की आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता नीति पर बात करेंगे।

**मांडविया–स्वास्थ्य पहल**

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम से श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करेंगे। पहल के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल में 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के

श्रमिक स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे। यह पहल नए चार श्रम संहिताओं के तहत किए गए सुधारों पर आधारित है, जिनके माध्यम से 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार प्रमुख श्रेणियों में समाहित किया गया है। रसायनों, विषैले पदार्थों और भारी मशीनों के साथ काम करने वाले खतरनाक कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए उम्र की परवाह किए बिना स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी।

**लोक अदालत**

प्रदेश में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया के संरक्षण और न्यायाधीश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में ये अदालतें लगेंगी। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक मजिस्ट्रेट के न्यायालयों में, मोटर वाहन चालान, मामलों के संबंध में कंपाउंडिंग शुल्क के भुगतान के लिए ईपे के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने और नशामुक्त जीवन अपनाने का आहवान किया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जीवनशैली का हिस्सा बनाने और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने का भी आग्रह किया है। मंडी में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि नवाचार, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता भी अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर उन्होंने 5 सौ 75 छात्रों को डिग्रियां प्रदान कीं, जबकि 40 छात्रों को उनके उत्कृष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्वर्णपदकों से सम्मानित किया।

**अग्निकांड**

किन्नौर जिले की काशंग जलविद्युत परियोजना के लेबर कैंप में हुए अग्निकांड में दो मजदूरों की जलने से मौत हो गई। मृतकों में एक उतराखंड जबकि दूसरा नेपाल का मूल निवासी था। घटना के समय कैंप में मौजूद एक अन्य व्यक्ति सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**प्राकृतिक खेती**

हमीरपुर जिले में हरनेड़ गांव के लगभग 52 परिवार पूरी तरह से प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं। हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता ने बताया कि ये किसान परिवार गेहूं, मक्की और गन्ने के अलावा पारंपरिक मोटे अनाज, दलहनी सहित अन्य फसलें प्राकृतिक विधि से ही उगा रहे हैं।

डिस्पैच–58 सैकंड

*प्राकृतिक खेती में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर चुके ललित कालिया ने बताया कि उ नके दादा–परदादा कभी गन्ना भी लगाते थे और खाने में इसी की शक्कर का प्रयोग करते थे, लेकिन वर्तमान दौर में यहां गन्ने की खेती की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। ललित कालिया ने बताया कि पिछले सीजन में उन्होंने अपने 18 मरले खेत में प्राकृतिक खेती से ही गन्ना लगाने का निर्णय लिया तो सभी लोग इसे असंभव ही बता रहे थे। देखते ही देखते गन्ने की फसल तैयार होने लगी और इसकी कटाई के बाद उन्होंने पेराई भी स्वयं करवाई तथा इससे लगभग 70 किलोग्राम शक्कर निकली। ललित कालिया, पवन कुमार और आत्मा परियोजना के अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा के बाद उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बडे पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती से तैयार खदानों और घराट के आटे की बेहतर मार्केटिंग के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव कदम उठाए जाएंगे। हमीरपुर से मैं हरीश नंदा।*

**अब एक नज़र अखबारों की सुर्ख़ियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने पंचायत चुनाव से संबंधित खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**ससुर का सरकारी भूमि पर कब्जा तो बहू नहीं लड़ सकेगी पंचायत चुनाव।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**पंचायत चुनाव के लिए नामांकन से एक दिन पहले नियम लागू करने की स्वीकृति।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**आशा वर्कर लड़ सकेंगी चुनाव–हिमाचल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के स्पष्टीकरण पर लगाई रोक।**

हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–**कॉलेजों–विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की तैयारी–3 घंटे की बजाय एक और दो घंटे में एग्जाम करवाने का प्रस्ताव तैयार, सरकार को सौंपा।** पंजाब केसरी का शीर्षक है–**हिमाचल में 100 और सरकारी स्कूलों को बंद करने की तैयारी–5 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूल को साथ लगते स्कूलों के साथ किया जा सकता है मर्ज।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- पंचायत चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रकिया आज से शुरू–कल 8 और 11 मई को भी होगा नामांकन।

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनावों के लिए कुल 1 हजार 1 सौ 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में–237 उम्मीदवारों ने वापिस लिए अपने नाम।

- पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ आज–आतंकवाद के खिलाफ देश का संकल्प मजबूत

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने का किया आहवान

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11बजे नमस्कार।**